# प्रसार भारती
# भारतीय प्रसारण निगम
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 01.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## ''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा– आगामी चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे हैं कई कारगर कदम।

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में रेल सेवाओं का हुआ अभूतपूर्व विकास।

- प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने भाजपा पर जनमत के अपमान का लगाया आरोप।

**और**

- हिमाचल पथ परिवहन निगम 50 वर्षों की यादगार व संघर्षशील यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए शिमला में बनाएगा बस संग्रहालय।

**मनीष गर्ग**

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि आगामी चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग अनेक कारगर कदम उठा रहा है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि इसी कड़ी में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60 के अनुसरण में हिमाचल में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनावों के लिए अनिवार्य सेवाओं में नियोजित व्यक्तियों को मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात होने पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। मनीष गर्ग ने बताया कि प्रदेश में अनिवार्य सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों को फार्म 12 डी के माध्यम से पोस्टल वोटिंग सेंटर के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पर आर.ओ व ए.आर.ओ द्वारा अधिसूचित तिथियों पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को इस संबंध में कर्मचारियों की सुविधा के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**अनुराग ठाकुर**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश में रेल सेवाओं का अभूतपूर्व विकास हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए सड़क, रेल और हवाई सेवा की बड़ी सौगातें दी हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को देश के बड़े शहरों से जोड़ दिया है और हिमाचल से दिल्ली, अहमदाबाद, हरिद्वार, जयपुर, इंदौर, आगरा और उज्जैन जैसे कई बड़े शहर रेल नेटवर्क से सीधे जुड़ गए हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विकास ही उनकी प्राथमिकता है और मोदी सरकार ने हिमाचल को सौगातें देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल सेवाओं के विस्तार और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए केंद्र सरकार नई ट्रेनें चलाने सहित ज़रूरी आधारभूत ढांचे के विकास पर गंभीरता से कार्य कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए एक हज़ार 8 सौ 38 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं।

**मतदाता जागरूकता**

प्रदेश में निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में ऊना जिले में विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। जिसके तहत गीत–संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। अभियान के पहले दिन आज ऊना बस स्टैंड और मैहतपुर टैक्सी स्टैंड पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नाट्य दलों के कलाकारों ने लोगों को वृद्ध हों या जवान पहली जून को जरूर करें मतदान, वोट करके देश के प्रति कर्तव्य निभाएं, और पहले मतदान फिर जलपान जैसे संदेशों के साथ मतदान के महत्व और मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उधर जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पिति के उदयपुर उपमंडल में आज ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। उदयपुर के खेल मैदान में आयोजित शरद उत्सव के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ज़िले में 41 मतदान केन्द्र ऐसे हैं, जहां पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था और इस बार ज़िले के सभी मतदान केन्द्रों में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इधर सिरमौर ज़िला के नाहन में मतदाता जागरूकता अभियान सहित हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है।

**चुनाव बहिष्कार**

चंबा ज़िला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की खणी और गरिमा पंचायतों के लोगों ने एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल को खणी से स्थानांतरित करने के विरोध में लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल खणी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दीपक जमवाल सहित

अन्य सदस्यों ने कहा है कि भरमौर प्रशासन ने इस स्कूल को स्थानांतरित न करने की समिति की मांग को अनदेखा किया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन हर बार उनकी मांग को अनसुना किया गया। दीपक जमवाल ने कहा कि इसके चलते लोगों में काफी रोष है और अगर कोई सार्थक हल नहीं निकाला गया, तो खणी और गरिमा पंचायतों के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

**रजनीश किमटा**

प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने कहा है कि भाजपा में जो उथल पुथल चल रही है उससे साफ है कि पार्टी के भीतर आपसी मतभेद हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायको को भाजपा में शामिल कर जिस प्रकार पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित किया है उससे पार्टी के भीतर विद्रोह की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रजनीश किमटा ने कहा कि भाजपा नेता व कार्यकर्ता स्वयं को अपमानित महसूस कर रहें है। किमटा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कांग्रेस के बागी विधायकों को पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मिलकर उन्हें मनाने का असफल प्रयास कर रहें है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार के उस कथन का समर्थन किया जिसमें उन्होंने कहा है कि भाजपा अपने पथ से पूरी तरह भटक गई है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सत्ता की लालसा में ऐसे कृत्य कर रही है जो देश व प्रदेश की राजनीति को शर्मसार करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने जनमत का अपमान किया है और प्रदेश में उप चुनाव थोप कर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग भाजपा को कभी माफ नही करेंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के साथ साथ छह विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहराएगी।

**सुरेश कश्यप**

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में जो अस्थिरता का माहौल बना है, उसके लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। सोलन ज़िले के अर्की में आज लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है और कांग्रेस पार्टी मात्र एक क्षेत्रीय संगठन बनने की कगार पर है। सुरेश कश्यप ने कहा कि मौजूदा समय में कांग्रेस एक डूबता जहाज है, जिसमें कोई भी सवार नहीं होना चाहता है और पार्टी के बड़े नेता चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

**कार्यकारी अध्यक्ष**

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी क्लीन स्विप करेगी और जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा

कि भाजपा नेता अवसरवादी राजनीति कर रहे हैं और लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जन–बल से भाजपा की धनबल राजनीति का अंत होगा।

## एचआरटीसी

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर रहा है और इस उपलक्ष्य पर निगम द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। 50 वर्षों की यादगार और संघर्षशील यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम शिमला स्थित एमडी कार्यालय में बस संग्रहालय बनाने जा रहा है जिसमें अब तक के बसों के मॉडल, पुरानी टिकटें, बसों की पुरानी तस्वीरें और कलपुर्जे संजोए जाएंगे जो स्थानीय लोगों के साथ सैलानियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि एचआरटीसी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर को स्वर्ण जयंती उत्सव के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि निगम एचआरटीसी बसों की वीडियो और फोटो स्पर्धा आयोजित कर चुका है। इसी कड़ी में अब एचआरटीसी बस संग्रहालय बनाने जा रहा है जिसमें 1974 से 2024 तक निगम के बेड़े में शामिल हुई हर प्रकार की बसों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि निगम ने बसों के मॉडल बनवाने शुरू कर दिए हैं और 6 तरह की बसों के मॉडल तैयार हो चुके हैं जबकि अन्य पर काम जारी है। रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि एचआरटीसी 30 मई तक अपने सभी 31 यूनिट को कैशलैस कर लेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में शिमला में लोकल बसों सहित वॉल्वो बसों को कैशलैस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में नाहन, सोलन, पालमपुर, सुंदरनगर, हमीरपुर, मंडी बिलासपुर, धर्मशाला, सरकाघाट, ऊना, बैजनाथ और धर्मपुर यूनिट को 30 अप्रैल तक कैशलैस बनाने का लक्ष्य है जबकि अन्य यूनिट को 31 मई तक कैशलैस कर दिया जायेगा।

## पल्स पोलियो

लाहौल–स्पिति ज़िला के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रोशन लाल ने कहा है कि ज़िले में 7 अप्रैल को पल्स पोलियो अभियान आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि 3 मार्च को आयोजित पल्स पोलियो अभियान भारी बर्फबारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। रोशन लाल ने बताया कि इस अभियान के तहत 7 अप्रैल को ज़िले के 50 बूथों में एक हज़ार 2 सौ 70 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी और किसी कारण से छूट गए बच्चों को 8 व 9 अप्रैल को घर–घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

## विरोध प्रदर्शन

शिमला शहर में पानी, कूड़ा और प्रॉपर्टी टैक्स की दरों में हुई वृद्धि के खिलाफ शिमला नागरिक सभा ने आज उपायुक्त कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। शिमला नागरिक सभा के संयोजक संजय चौहान ने कहा है कि निजीकरण व व्यापारीकरण की नीतियों के कारण जनता को उनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक की शर्तों व खर्चों की भरपाई की आड़ में शिमला

शहर में हर वर्ष बुनियादी सुविधाओं के रेट में 10 प्रतिशत या इससे अधिक की बढ़ौतरी हो रही है। नागरिक सभा ने नगर निगम से पानी, कूड़ा और संपत्ति कर में की गई वृद्धि को वापिस लेने की मांग की है। इस बीच शिमला शहरी क्षेत्र के विधायक हरीश जनारथा ने कूड़े और पानी की दरों में की गई बढ़ौतरी को अनुचित करार देते हुए अधिकारियों से बैठक करने की बात कही। वहीं दूसरी ओर शिमला नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने स्पष्ट किया कि कूड़े और संपत्ति कर में पूर्व निर्धारित नियमानुसार ही बढ़ौतरी की गई है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा– आगामी चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे हैं कई कारगर कदम।
- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में रेल सेवाओं का हुआ अभूतपूर्व विकास।
- प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने भाजपा पर जनमत के अपमान का लगाया आरोप।

**और**

- हिमाचल पथ परिवहन निगम 50 वर्षों की यादगार व संघर्षशील यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए शिमला में बनाएगा बस संग्रहालय।

..................................................................................................................................................................